# आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर

दिनांक : 05.04.2024 समय : 1905

<><><><><><><>

- द्वीपों के मुख्य निर्वाचन अधिकारी बी एस जगलान ने उन्नीस अप्रैल को होने वाले मतदान में मतदाताओं से बढ़–चढ़कर हिस्सा लेने की अपील की है।
- आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए द्वीपों के निर्वाचन अधिकारी अर्जुन शर्मा ने पुलिस विभाग और जमीनी निगरानी टीम को वाहनों की जांच के काम में और तेजी लाने को कहा है।
- उन्नीस अप्रैल को होने वाले मतदान के लिए निर्वाचन अधिकारी कार्यालय की ओर से ई वी एम को तैयार करने और इसे चालू करने का कार्य शुरू किया गया है।
- निकोबार ज़िला उपायुक्त ज्योति कुमारी ने अन्य अधिकारियों के साथ कैम्पबेल बे तहसील के विभिन्न क्षेत्रों का दौरा किया और चुनाव तैयारियों की समीक्षा की।
- केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड–सीबीएसई ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति–दो हजार बीस के अनुसार परीक्षा आंकलन और मूल्यांकन विधियों में परिवर्तन किया है।

<><><><><><><>

द्वीपों के मुख्य निर्वाचन अधिकारी बी एस जगलान ने उन्नीस अप्रैल को होने वाले मतदान में मतदाताओं से बढ़–चढ़कर हिस्सा लेने की अपील की है। उन्होंने कहा कि द्वीपों में स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण चुनाव सम्पन्न कराने के लिए सारी तैयारियां की गई है। उन्होंने कहा कि मतदान कर्मियों की तैनाती भी की जा चुकी है। केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बल की छः कम्पनियां तैनात की जाएगी। इनमें से दो कम्पनियां पोर्ट ब्लेयर पहुंच चुकी है।

श्री बी एस जगलान से की गई बातचीत का विस्तृत ब्यौरा आप हमारे आमने–सामने कार्यक्रम में सुन सकते हैं। इसे कल शाम साढ़े छः बजे प्रसारित किया जाएगा।

<><><><><><><>

आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए द्वीपों के निर्वाचन अधिकारी अर्जुन शर्मा ने पुलिस विभाग और जमीनी निगरानी टीम को वाहनों की जांच के काम में और तेजी लाने को कहा है, ताकि सार्वजनिक या निजी कोई भी वाहनों का दुरूपयोग न हो सके और द्वीपों में स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण मतदान सम्पन्न कराया जा सके। टीम को यह भी निर्देश दिया गया है कि वाहनों की जांच का कार्य करते हुए वृद्धजनों और चिकित्सा आपात के मामलों का विशेष ध्यान रखे। आम जनता से भी इस संबंध में जांच टीम के साथ सहयोग करने की अपील की गई है।

उधर, मध्योत्तर अंडमान ज़िले में भी जांच का कार्य में तेजी लाया गया है और जगह–जगह चेक प्वाइंट बनाकर वाहनों की जांच की जा रही है। ज़िला निर्वाचन अधिकारी दिलखुश मीणा ने बताया कि ज़िले में एम सी सी का कड़ाई से पालन करने के लिए विभिन्न क्षेत्रों में टीम की भी तैनाती की गई है।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार द्वीपसमूह में उन्नीस अप्रैल को होने वाले मतदान के लिए निर्वाचन अधिकारी कार्यालय की ओर से ई वी एम को तैयार करने और इसे चालू करने का कार्य शुरू किया गया है। आई टी एफ मैदान के पीछे केन्द्रीय भंडारन गृह में मशीन को चालू करने का कार्य किया जा रहा है और इस दौरान राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों, एजेंटो और उम्मीदवारों की उपस्थिति में भारी सुरक्षा के बीच इस कार्य को अंजाम दिया जा रहा है। इस पूरी प्रक्रिया की वीडियोग्राफी भी की जा रही है तथा चुनाव पर्यवेक्षक और निर्वाचन अधिकारी की निगरानी में इस कार्य को अंजाम दिया जा रहा है, जो अगले दो दिनों में सम्पन्न हो जाएगा।

<><><><><><><>

निकोबार ज़िला उपायुक्त ज्योति कुमारी ने ज़िला पुलिस अधीक्षक सन्नी गुप्ता और अन्य अधिकारियों के साथ कैम्पबेल बे तहसील के विभिन्न क्षेत्रों का दौरा किया और चुनाव तैयारियों की समीक्षा की। इस दौरे का उद्देश्य दूर–दराज तथा संवेदनशील मतदान केन्द्रों में उपलब्ध जरूरी सुविधाओं का आंकलन करना था, ताकि मतदाताओं को मतदान के दिन किसी भी प्रकार की परेशानी न हो। अधिकारियों ने आफरा बे, पिल्लोलो, पिल्लोभा, पिलोपाटिया, पिलोपांजा, माकाचुआ, चिंगम, शोम्पेन हट और लॉ फुल बे का दौरा कर जरूरी सुविधाओं की जानकारी ली, ताकि मतदान कर्मियों को भी कोई असुविधा न हो। टीम के सदस्यों ने इन गांवों के लोगों से भी मुलाकात की और उनकी समस्याओं का भी समाधान किया गया। आम चुनाव को देखते हुए ज़िले के विभिन्न क्षेत्रों में सभी जरूरी सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए ज़िला प्रशासन प्रतिबद्ध है, ताकि मतदान प्रक्रिया को पारदर्शी और आसानी से पूरा किया जा सके।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार द्वीपसमूह में आगामी धार्मिक त्यौहारों को लेकर किए जा रहे बंदोबस्त तथा कानून व्यवस्था के बारे में चर्चा करने के लिए द्वीपों के निर्वाचन अधिकारी और दक्षिण अंडमान ज़िला उपायुक्त की अध्यक्षता में बैठक बुलाई गई है। कल दिन में ग्यारह बजे ज़िला उपायुक्त कार्यालय के सम्मेलन कक्ष में होने वाली इस बैठक में पूजा समितियों और मस्जिद समितियों के सदस्यों को उपस्थित रहने को कहा गया है। बैठक में धार्मिक उत्सव के दौरान आदर्श चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन न हो, इस पर भी चर्चा होगी।

<><><><><><><>

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड–सीबीएसई ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति–दो हजार बीस के अनुसार परीक्षा आंकलन और मूल्यांकन विधियों में परिवर्तन किया है। इस नई पहल में सक्षमता

आधारित प्रश्न अधिक होंगे जबकि अभिव्यक्ति आधारित प्रश्न कम संख्या में होंगे। संशोधित दिशा–निर्देश के अनुसार ग्यारहवीं और बारहवीं कक्षा की परीक्षाओं में बहुविकल्पीय प्रश्न, स्थिति आधारित प्रश्न या किसी अन्य प्रकार के प्रश्न चालीस से बढ़ाकर पचास प्रतिशत कर दिये गये हैं। दूसरी ओर लघु उत्तर और दीर्घ उत्तर प्रश्नों सहित अभिव्यक्ति आधारित प्रश्न दो हजार चौबीस–पच्चीस सत्र की परीक्षाओं में चालीस प्रतिशत से घटाकर तीस प्रतिशत कर दिये गये हैं।

<><><><><><><>

पोर्ट ब्लेयर और दक्षिण अंडमान ज़िले में बिजली की समस्या को सुलझाने के लिए कार्य बल का गठन किया गया है, ताकि दल के सदस्य पोर्ट ब्लेयर और दक्षिण अंडमान क्षेत्र के पूरी ट्रांसमिशन और वितरण लाईनों की स्थिति का जायजा ले सके। कार्य बल के सदस्यों ने दक्षिण अंडमान के कुछ भाग में ऐसे क्षेत्र पाएं है, जहां अवरोध उत्पन्न हो सकता है और इससे आपूर्ति में असर पड़ सकता है। टीम की जांच और आंकलन के बाद इन सभी क्षेत्रों में ट्रांसमिशन और वितरण लाईनों की मरम्मत और रखरखाव का कार्य किया जाएगा तथा पेड़ों की छंटाई का कार्य भी किया जाएगा। इस सिलसिले में कल और सात अप्रैल को दक्षिण अंडमान के कई भागों में सुबह आठ बजे से शाम तीन बजे के बीच बिजली की आपूर्ति बंद रहेगी, ताकि काम करने वाले कर्मचारियों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। इसके अलावा कल सुबह आठ बजे से दिन में डेढ़ बजे तक पोर्ट ब्लेयर के कुछ भाग में भी बिजली की कटौती होगी।

<><><><><><><>